>

Title: Need to provide electricity to villages surrounding NTPC Power Plant at Dibiyapur, district Auraiya, Uttar Pradesh.

श्री प्रेमदास (इटावा): मेरे संसदीय क्षेत्र इटावा उत्तर प्रदेश के जनपद औरैया में दिव्यापुर स्थित एनटीपीसी विद्युत परियोजना स्थापित है। सरकार द्वारा 5-5 कि0मी0 की परिधि में बिजली देने की बात की गई है। मैं कई बार माननीय विद्युत मंत्री जी से पत्राचार कर उक्त जगह पर बिजली आपूर्ति का अनुरोध कर चुका हूं, परंतु संबंधित मंत्रालय द्वारा बार-बार राज्य सरकार का हवाला देकर इस प्रकरण को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। ग्रामीण घरों में संतोषजनक बिजली आपूर्ति नहीं होने से पूरे दिव्यापुर एनटीपीसी विद्युत परियोजना के आस-पास के ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

अतः मैं सरकार से पुनः अनुरोध करूंगा कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गरीब ग्रामीणों के लिए कारगर उपाय करें तथा यथाशीघ्र दिव्यापुर एनटीपीसी विद्युत परियोजना के आस-पास के ग्रामीण घरों में अविलम्ब बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें।